आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 13.12.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :—

- भारतीय सैन्य अकादमी में भव्य पासिंग आउट परेड का आयोजन। भारतीय सेना को मिले 491 युवा अधिकारी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में उत्तराखण्ड महक क्रांति नीति— 2026—36 का शुभारम्भ किया। राज्य में लगभग 23 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सुगंधित फसलों की होगी खेती।
- केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने पौड़ी में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया।
- प्रदेश के विभिन्न जिलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन। आपसी सुलह—समझौते से किया गया विभिन्न वादों का निस्तारण।

## पासिंग आउट परेड

देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी में आज पासिंग आउट परेड के बाद 491 जैंटलमैन कैडेट्स भारतीय सेना का हिस्सा बन गए। इसके अलावा 14 मित्र राष्ट्रों के 34 कैडेट भी आज पास आउट होकर अपने देशों की सेना का हिस्सा बने। थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बतौर रिव्यूइंग ऑफिसर परेड की सलामी ली। इस दौरान देशभक्ति के गीतों पर इन वीरों की कदमताल देखते ही बन रही थी। जनरल द्विवेदी ने कैडेटों को ओवरऑल बेस्ट परफॉर्मेंस और अन्य उत्कृष्ट सम्मान से सम्मानित किया। देश के भावी सैन्य अधिकारियों ने जब भारतीय सैन्य अकादमी में अंतिम पग भरा तो, उन पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। थल सेना प्रमुख ने नव—नियुक्त अधिकारियों को प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने पर बधाई देते हुए युवा अधिकारियों के उच्च स्तर के अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सहनशक्ति की प्रशंसा की। उन्होंने युवा अधिकारियों को भारतीय सेना की गौरवशाली परंपरा के निर्वहन और निष्ठा, प्रतिबद्धता और सम्मान के साथ राष्ट्र सेवा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सेना में कमीशन प्राप्त करना केवल प्रशिक्षण की समाप्ति नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति आजीवन कर्तव्य और निःस्वार्थ सेवा की शुरुआत है। यह न केवल भारत के रक्षा नेतृत्व को सुदृढ़ करती है, बल्कि मित्र देशों के साथ दीर्घकालिक सैन्य सहयोग को भी सशक्त बनाती है।

## महक क्रांति नीति

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून के सगन्ध पौधा केन्द्र, सेलाकुई देहरादून में उत्तराखण्ड महक क्रांति नीति— 2026—36 का शुभारम्भ किया। उन्होंने सेटेलाइट सेन्टर भाऊवाला का लोकार्पण और सगन्ध पौधा केन्द्र, स्थित ए.एम.एस— सी—14 प्रयोगशाला का शिलान्यास भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पांच सेटेलाइट सेन्टरों का भी शिलान्यास किया। यह सेटेलाइट सेंटर चमोली जिले के परसारी, उत्तरकाशी के रैथल, अल्मोड़ा के भैसोड़ी, चम्पावत के खतेड़ा और पिथौरागढ़ जिले के विषाड में स्थापित किए जाएंगे। इस अवसर पर सगंध पौधा केन्द्र और डाबर इंडिया लिमिटेड के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किए गए। समझौता ज्ञापन का उद्देश्य विस्तार, अनुसंधान एवं विकास, मानव संसाधन विकास, मार्केटिंग आदि के क्षेत्र में केंद्र और डाबर के बीच सहयोग के लिए एक रूपरेखा तैयार करना है। मुख्यमंत्री ने सगंध पौधा केन्द्र के संस्थापक वैज्ञानिकों और लेमनग्रास— तुलसी की खेती करने वाले किसानों को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड महक क्रांति नीति के शुभांरभ को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इस नीति के तहत सात एरोमा वैली को विकसित करने की शुरुआत होगी। पहले चरण में पिथौरागढ़ में तिमूर वैली, चमोली व अल्मोड़ा में डैमस्क रोज वैली, ऊधमसिंह नगर में मिन्ट वैली, चम्पावत और नैनीताल में सिनेमन वैली, हरिद्वार और पौड़ी में लेमनग्रास वं मिन्ट वैली विकसित की जाएगी। उन्होंने कहा इस नीति के अंतर्गत पौधशाला विकास सहयोग, खेती के लिए अनुदान, प्रशिक्षण व क्षमता—विकास, फसल बीमा और पैकेजिंग और ब्रांडिंग जैसी आवश्यकताओं की व्यवस्था की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति के अंतर्गत राज्य में लगभग 23 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सुगंधित फसलों की खेती को विकसित कर करीब एक लाख किसानों को जोड़ने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि आगामी दस वर्षों में राज्य में सुगंधित फसलों की खेती के टर्नओवर को सौ करोड़ रुपये से बढ़ाकर लगभग 1200 करोड़ तक पहुंचाने में सफलता मिलेगी। इससे किसानों के साथ राज्य की आय में अभूतपूर्व वृद्धि होगी।

## मुख्य सचिव

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में आज सचिवालय में हुई व्यय वित्त समिति की बैठक में विभिन्न विभागों के प्रस्तावों को संस्तुति दी गई। मुख्य सचिव ने प्रस्तावों को मंजूरी मिलने से लेकर कार्य पूरा होने तक प्रत्येक स्तर की समय सीमा निर्धारित किए जाने के विभागों को निर्देश दिए। उन्होंने विभागों को अपनी परियोजनाओं की विभिन्न स्तरों पर नियमित रूप से निगरानी करने पर जोर दिया, ताकि कार्यों को निर्धारित समय पर पूरा किया जा सके। मुख्य सचिव ने कहा कि नंदा राजजात यात्रा से सम्बन्धित कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर करना सुनिश्चित किया जाए।

## केंद्रीय खेल मंत्री

केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज पौड़ी जिले के कंडोलिया मैदान में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप देश में खेल संस्कृति को जमीनी स्तर तक मजबूत किया जा रहा है। इस अवसर पर गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव प्रधानमंत्री के उस विजन को साकार करता है, जिसके अंतर्गत प्रतिभाशाली युवाओं की पहचान कर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर दिया जा रहा है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत

प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। ऊधमसिंह नगर जिले के रूद्रपुर स्थित जिला न्यायालय सहित वाह्य दीवानी न्यायालयों में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में हजारों फरियादियों के विभिन्न मामलों का आपसी सहमति के आधार पर निस्तारण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव योगेन्द्र कुमार सागर ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न मामले आपसी सहमति से निस्तारित किये जाते हैं।
उधर, चम्पावत के जिला न्यायालय सहित वाह्य न्यायालय टनकपुर में आयोजित लोक अदालत में विभिन्न वादों का निस्तारण आपसी सुलह–समझौते से किया गया। इनमें मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, भरण–पोषण, बैंक वसूली आदि प्रकरण शामिल थे।

## राष्ट्रीय हस्तशिल्प सप्ताह

राष्ट्रीय हस्तशिल्प सप्ताह के अवसर पर बागेश्वर में आज उद्योग विभाग की ओर से एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए हस्तशिल्पियों और उद्यमियों ने अपनी पारंपरिक कलाओं और उत्पादों का प्रदर्शन किया। राज्य महिला उद्यमिता परिषद की उपाध्यक्ष गंगा बिष्ट ने कहा कि हस्तशिल्प हमारी सांस्कृतिक धरोहर का अहम हिस्सा होने के साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था और महिला स्वावलंबन को भी मजबूती प्रदान करता है।
कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कई उद्यमियों को सम्मानित किया गया।